## एक नजर में

### किसानों की समस्याओं के निराकरण को लेकर मांग पत्र सौंपा



**आगर मालवा, 17 जुलाई .** भारतीय किसान संघ की जिला इकाई ने किसानों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण एवं प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई की जानकारी उपलब्ध कराने की मांग को लेकर शुक्रवार को अपर कलेक्टर आरपी वर्मा को कलेक्टर के नाम मांग पत्र सौंपा . मांग पत्र में कृषि, सहकारिता, राजस्व, विद्युत विभाग एवं कृषि उपज मंडी से जुड़ी विभिन्न समस्याओं का उल्लेख करते हुए बताया गया कि इन विषयों पर संगठन द्वारा पूर्व में भी समय-समय पर ज्ञापन दिए जा चुके हैं, लेकिन अब तक अधिकांश समस्याओं का समाधान नहीं हो सका है . साथ ही इन मामलों में प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई की जानकारी भी संगठन को उपलब्ध नहीं कराई गई है . भारतीय किसान संघ ने मांग की कि किसानों की लंबित समस्याओं का शीघ्र निराकरण किया जाए तथा संबंधित विभागों द्वारा अब तक की गई कार्रवाई की जानकारी संगठन को उपलब्ध कराई जाए . संगठन ने चेतावनी दी कि यदि किसानों की समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ तो भारतीय किसान संघ जिला स्तर पर व्यापक आंदोलन करेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी . इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रामनारायण तेजरा, प्रांतीय उपाध्यक्ष डूंगर सिंह सिसोदिया, जिला मंत्री रघुसिंह चौहान, जिला कार्यालय मंत्री जगदीश पाटीदार, युवा संयोजक उमेश पाटीदार, परमानंद पाटीदार, मांगूसिंह मारू सहित संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे . उक्त जानकारी भारतीय किसान संघ के जिला प्रवक्ता प्रमोद जोशी ने दी .

### नशा मुक्ति अभियान, विद्यार्थियों को किया जागरूक



**मक्सी,17 जुलाई .** मुख्यमंत्री मोहन यादव के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक रेलवे एडीजी राजा बाबू के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे सेफक्लिक 2.0 एवं नशा मुक्ति जनजागरूकता अभियान के तहत शुक्रवार को जीआरपी मक्सी द्वारा नगर के शासकीय तिलक स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया . कार्यक्रम में जीआरपी मक्सी के चौकी प्रभारी अवधेश तिवारी ने विद्यार्थियों को साइबर अपराधों से बचाव के उपायों की जानकारी देते हुए ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, ओटीपी साझा न करने तथा सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग करने की सलाह दी . साथ ही उन्होंने नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने और अपने परिवार व समाज को भी जागरूक करने का आह्वान किया . मक्सी जीआरपी चौकी प्रभारी ने बताया कि सेफक्लिक 2.0 अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आमजन को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना तथा नशा मुक्ति अभियान के माध्यम से युवाओं को नशे की लत से बचाकर स्वस्थ एवं सुरक्षित समाज का निर्माण करना है . इस अवसर पर जीआरपी की ओर से आरक्षक आनंद वर्मा एवं आरक्षक महेश भी उपस्थित रहे . कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने साइबर सुरक्षा के नियमों का पालन करने और नशामुक्त समाज के निर्माण में सहयोग करने का संकल्प लिया .

### नातरा विवाद में किसान की टापरी फूंकी, गाय की भी हुई मौत

**शाजापुर, 17 जुलाई .** जिले के ग्राम सिंगार चोरी में गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात नातरा विवाद ने हिंसक रूप ले लिया . अज्ञात लोगों ने एक किसान की टापरी में आग लगा दी, जिससे वहां बंधी एक गाय की जलकर मौत हो गई . आग में भूसा, कंडे और अन्य घरेलू सामान भी जलकर राख हो गया . घटना के बाद मौके से एक धमकी भरा पत्र भी मिला है, जिसमें 58 लाख रुपए की नातरा राशि दिलाने की मांग की गई है . जानकारी के अनुसार ग्राम सिंगार चोरी निवासी देवकरण गुर्जर और राजस्थान के झालावाड़ जिले के ग्राम सुलिया चौकी निवासी गोविंद गुर्जर के बीच लंबे समय से नातरा राशि को लेकर विवाद चल रहा है . इस मामले में कई बार पंचायत भी हो चुकी है . आरोप है कि गोविंद गुर्जर ने देवकरण से 58 लाख रुपए की मांग की थीए लेकिन राशि नहीं मिलने पर गांव के लोगों को नुकसान पहुंचाने की धमकी दी गई थी . ग्रामीणों के अनुसार आग लगाने वाले टापरी में एक पत्र छोड़ गए . इसमें गांव के पटेल और सरपंच से देवकरण गुर्जर से 58 लाख रुपए की नातरा राशि दिलाने की बात लिखी गई है . साथ ही चेतावनी दी गई है कि जब तक राशि नहीं मिलेगीए तब तक गांव के लोगों को इसी तरह नुकसान पहुंचाया जाएगा .

**गाय की मौत, किसान को नुकसान**

आगजनी में किसान रामेश्वर गुर्जर की टापरी पूरी तरह जल गई . टापरी में बंधी एक बुजुर्ग गाय की मौके पर ही जलकर मौत हो गई . भूसा, कंडे और अन्य जरूरी सामान भी आग की भेंट चढ़ गया, जिससे किसान को भारी आर्थिक नुकसान हुआ . पीड़ित किसान रामेश्वर गुर्जर ने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई है . उनका आरोप है कि नातरा विवाद के चलते उनकी टापरी को निशाना बनाया गया . पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और पत्र की भी जांच की जा रही है .

### लक्ष्मी नगर क्षेत्र में मिला युवक का शव

**शाजापुर, 17 जुलाई .** नगर के लक्ष्मी नगर क्षेत्र में शुक्रवार सुबह करीब 7 बजे भाजपा कार्यालय के आगे सड़क पर एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से सनसनी फैल गई . सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को जिला अस्पताल पहुंचाया . पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है . मृतक की पहचान नितिन 25 पिता बंसीलाल मालवीय निवासी टंकी चौराहा के रूप में हुई है . परिवार मूल रूप से आगर जिले का रहने वाला है और वर्तमान में शाजापुर के टंकी चौराहा क्षेत्र में किराए के मकान में रहता है . नितिन मजदूरी करता था . उसका विवाह वर्ष 2021 में हुआ था और उसके दो छोटे बच्चे हैं . परिजनों ने पूछताछ में बताया कि करीब चार महीने पहले नितिन की पत्नी घर छोड़कर चली गई थी . इसके बाद से वह मानसिक तनाव में रहने लगा था और शराब का अधिक सेवन करने लगा था . मृतक के पिता बंसीलाल मालवीय ने बताया कि नितिन काम पर जाने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा . जिस स्थान पर उसका शव मिला उसके पास ही उसके मौसेरे भाई का किराए का मकान है . दोनों साथ में मजदूरी करते थे . कोतवाली थाना प्रभारी संतोष वाघेला ने बताया कि युवक के शरीर पर किसी प्रकार के बाहरी चोट के निशान नहीं मिले हैं . मौत के वास्तविक कारण का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा . पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा . पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है .

### जनप्रतिनिधियों तक पहुंची पटवारियों की आवाज

**शुजालपुर, 17 जुलाई .** मध्य प्रदेश पटवारी संघ के प्रांत नेतृत्व के आह्वान पर प्रदेशभर में पटवारी संवर्ग की वर्षों से लंबित मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन जारी है . इसी कड़ी में जिला शाजापुर के पटवारियों ने जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपे और कैडर रिव्यू, पदोन्नति तथा समयमान वेतनमान जैसी लंबित मांगों के शीघ्र निराकरण की मांग की . जिला पटवारी संघ शाजापुर के प्रतिनिधिमंडल ने शुजालपुर विधायक एवं प्रदेश के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा तथा आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार से भेंट कर पटवारी संवर्ग की समस्याओं से अवगत कराया . मंत्री परमार ने मांगों पर गंभीरता से चर्चा करते हुए उन्हें शासन स्तर पर प्रमुखता से रखने और सकारात्मक पहल का भरोसा दिलाया .

# कांग्रेस का मिशन एकता फेल, गुटों का नहीं हो पाया मेल

## अलग-अलग गुट के नेताओं से अलग-अलग मिले अजय सिंह, वरिष्ठों ने एक-दूसरे के कार्यक्रम से बनाई दूरियां

**शाजापुर, 17 जुलाई. पूर्व मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अजय सिंह (राहुल भैया) आज शाजापुर की राजनीति में फेविकोल की भूमिका निभाने आए थे. उद्देश्य था खंड-खंड में बिखरी कांग्रेस को एक धागे में पिरोना, लेकिन शहर की सरजमीं पर उतरते ही उन्हें अहसास हो गया कि यहां एकता के नाम पर सिर्फ विभाजन की ही प्रचुरता है. अजय सिंह अलग-अलग गुटों के नेताओं से अलग-अलग मिले. हालांकि वरिष्ठों ने एक-दूसरे के कार्यक्रम से दूरियां बनाई, जिससे गुटों का नहीं हो पाया मेल और कांग्रेस का मिशन एकता हो गया फेल.**

अजय सिंह का दौरा शुरू होते ही गुटों की मैराथन शुरू हो गई थी. मल्हार गार्डन में आयोजित कराड़ा कांग्रेस के कार्यक्रम में गोहिल कांग्रेस और सिकरवार कांग्रेस खेमे ने ऐसी दूरी बनाई, जैसे ये कभी एक जाजम पर पहले कभी बैठे ही न हों. अजय सिंह जब पूर्व विधायक हुकुमसिंह कराड़ा से मुलाकात कर रहे थे, तो वीरेंद्र सिंह गोहिल और रामवीरसिंह सिकरवार की अनुपस्थिति चर्चा का विषय रही. हालांकि ये होना भी था, क्योंकि अजय सिंह कब और कहां किस नेता से मिलेंगे, यह पहले ही तय था. ऐसे में टिकट की नई दावेदार



गोहिल कांग्रेस ने अजय सिंह की अगवानी के लिए राधा गार्डन में कार्यक्रम आयोजित किया. यहां कांग्रेस जिलाध्यक्ष नरेश्वर प्रताप सिंह ने गोहिल कांग्रेस से ऐसी दूरी बनाई, जैसे किसी ने उन्हें सोशल डिस्टेंसिंग का कड़ाई से पालन करने का निर्देश दे दिया हो. एक-दूसरे के कार्यक्रम में वरिष्ठ नेताओं की अनुपस्थिति ने इस बात को साबित कर दिया कि कांग्रेस में गुटबाजी का बीज अब विशाल वृक्ष बन गया है, जिसकी कई शाखाएं हैं, जो कभी एक नहीं हो सकती. कुल मिलाकर कांग्रेस को एकजुट और मजबूत करने के लिए आए अजय सिंह के सामने ही कांग्रेस टुकड़ों में बटी हुई नजर आई.

### फूलछाप कांग्रेसी नेता के घर पहुंचकर कांग्रेस को मजबूत करने की विनती

अजय सिंह के दौरे के बीच एक तरफ जहां कांग्रेसियों की गुटबाजी आज पूरे दिन चर्चा का विषय बनी रही, तो इस दौरे की एक खास बात यह भी थी कि अजय सिंह ने फूलछाप कांग्रेसी नेता के घर जाकर उनसे कांग्रेस को मजबूत करने की विनती भी की . दरअसल, अजय सिंह वाजपेयी कांग्रेस के घर भी पहुंचे . बता दें विनीत वाजपेयी वो कांग्रेसी है, जो शुजालपुर में भाजपा की जीत की दुआ कर रहे थे और शाजापुर में भी वे समय-समय पर कराड़ा हराओ समिति के संयोजक रहे . अजय सिंह के स्वागत के लिए वाजपेयी ने फ्लैक्स लगाकर खुद को कांग्रेस का कर्मठ नेता होने का जरूर दम भरा हो, लेकिन शुजालपुर और शाजापुर में कांग्रेस की राजनीति में उनका क्या स्थान है, ये तो कांग्रेसी और भाजपाई दोनों जानते हैं .

### सुसनेर विधायक ने कहा प्रदेश अध्यक्ष धृतराष्ट्र

शाजापुर में खंड-खंड कांग्रेस के अलग-अलग कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद अजय सिंह आगर पहुंचे. यहां कबीलों में बटी कांग्रेस का कार्यक्रम नलखेड़ा में आयोजित किया गया . लेकिन आगर जिले के सुसनेर से एकमात्र कांग्रेसी विधायक भैरू सिंह बापू को इस कार्यक्रम की सूचना नहीं दी गई, जिस पर उन्होंने भरी मीटिंग में प्रदेश कांग्रेस के मुखिया को धृतराष्ट्र बताते हुए कहा कि ऐसे कांग्रेस मजबूत नहीं होगी. यदि ऐसा ही आलम रहा तो मैं पार्टी छोड़ दूंगा . उन्होंने कहा कि यदि भविष्य में इस तरह की गुटबाजी या कोई कार्यक्रम हुआ, तो में सभी का मुंह काला करूंगा . यह मीडिया सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है . विधायक बापू ने कहा कि 15 महीने की कांग्रेस सरकार में प्रदेश के मंत्रियों के बंगले के बाहर कार्यकर्ता बैठे रहते थे, लेकिन मंत्रियों के पास उनसे मिलने का समय नहीं था . ऐसे में जो 2028 में कांग्रेस की सरकार बनने का जो सपना देख रहे हैं, वो सपना कभी पूरा नहीं होगा

**गुटबाजी समस्या नहीं, संस्कृति बन गई**

राहुल भैया का यह दौरा इस बात का प्रमाण है कि शाजापुर कांग्रेस में गुटबाजी अब कोई समस्या नहीं, बल्कि एक संस्कृति बन चुकी है. यहां पंजे के निशान के नीचे अब ढेर सारे हाथ काम कर रहे हैं, जो आपस में ही एक-दूसरे को नीचा दिखाने में व्यस्त हैं. तो कुछ हाथों ने फूल को भी थाम रखा है. शाजापुर के कांग्रेसियों का यह हाल देखकर एक आम कार्यकर्ता बस यही गुनगुना रहा है आए तो थे जोड़ने हमें, पर खुद ही टूट कर चले गए... कुल मिलाकर खंड-खंड, गुट और कई उपगुटों में बटी कांग्रेस के लिए अजय सिंह का यह दौरा चर्चा में है.

# अपने ही घर में कैद थी बुजुर्ग महिला

## बेटों ने नहीं दी ताले की चाबी, पुलिस ने तोड़कर महिला को बाहर निकाला

**नलखेड़ा, 17 जुलाई. शुक्रवार को सुसनेर में वार्ड क्रमांक 5 में एक बुजुर्ग महिला को कथित रूप से करीब दो माह तक घर के अंदर बंद रखे जाने का मामला सामने आया है. घटना की जानकारी मिलने पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी और पार्षद प्रतिनिधि पवन शर्मा मौके पर पहुंचे. मोहल्लेवासी भी बड़ी संख्या में एकत्र हो गए. जाली के पीछे बैठी बुजुर्ग महिला को देखकर लोगों ने नाराजगी जताई और तत्काल कार्रवाई की मांग की.**

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बुजुर्ग महिला को घर के भीतर बंद रखा गया था. जनप्रतिनिधियों ने महिला के तीनों बेटों को मौके पर बुलाकर ताले की चाबी मांगी, लेकिन किसी ने भी चाबी अपने पास होने की बात स्वीकार नहीं की. इसके बाद डायल-112 पुलिस को सूचना दी गई. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ताला तोड़कर बुजुर्ग महिला को



सुरक्षित बाहर निकाला. इसके बाद पुलिस सभी पक्षों को सुसनेर थाने लेकर पहुंची. जहां परिजनों, जनप्रतिनिधियों और पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में काफी देर तक समझाईश दी गई. बातचीत के बाद बुजुर्ग महिला की सहमति से उन्हें उनके सबसे छोटे बेटे के साथ भेज दिया गया. फिलहाल मामले का समाधान आपसी सहमति से हो गया और किसी पक्ष द्वारा लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई गई.

**बुजुर्गों की देखभाल पर गंभीर सवाल**

हालांकि, इस घटना ने समाज में बुजुर्गों के सम्मान और उनकी देखभाल को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं. स्थानीय लोगों का कहना है कि जिन्होंने पूरी जिंदगी अपने परिवार की परवरिश में लगा दी, उन्हें वृद्धावस्था में इस तरह की परिस्थितियों का सामना करना पड़े. यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है. लोगों ने प्रशासन से अपील की है कि ऐसे मामलों में समय पर हस्तक्षेप कर बुजुर्गों के अधिकारों और सम्मान की रक्षा सुनिश्चित की जाए.

### मीणा समाज शक्ति संगठन की बैठक 26 को

**सुसनेर, 17 जुलाई.** मीणा समाज शक्ति संगठन की प्रदेश कार्यसमिति की बहुप्रतीक्षित बैठक 26 जुलाई को शुजालपुर में आयोजित होगी. बैठक में मध्य प्रदेश सहित चारों प्रांतों के शीर्ष पदाधिकारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, कोर टीम और जिला अध्यक्ष शामिल होंगे. प्रदेश संयोजक देवकरण पंडा ने बताया कि बैठक में आगामी पंचायत, नगरीय निकाय और विधानसभा चुनावों में समाज की भागीदारी बढ़ाने की रणनीति पर चर्चा होगी. साथ ही युवाओं को स्वरोजगार, स्टार्टअप और उद्योगों से जोड़ने, महिला एवं युवा विंग के विस्तार, गोत्र वाटिका और एक घर-एक पौधा अभियान की समीक्षा तथा नेतृत्व विकास के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों पर भी मंथन किया जाएगा. बैठक में संगठन की आगामी कार्ययोजना और समाज के सामाजिक, आर्थिक एवं संगठनात्मक विकास को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाने की संभावना है.

# साइकिल मिली, तो बढ़े हौसले



**शुजालपुर, 17 जुलाई. शा.कन्या उमावि में शुक्रवार को छात्राओं के लिए साइकिल वितरण एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम उत्साहपूर्वक आयोजित किया. कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नपा अध्यक्ष बबीता परमार ने शासन की योजना के अंतर्गत पात्र छात्राओं को साइकिलों का वितरण किया तथा उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर पढ़ाई करने और जीवन में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया.**

इस अवसर पर बबीता परमार ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही उज्जवल भविष्य की सबसे मजबूत नींव है. उन्होंने छात्राओं से शासन की योजनाओं का लाभ उठाकर अपने सपनों को साकार करने का आह्वान किया. कार्यक्रम के दौरान एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत छात्राओं के साथ विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया. मुख्य अतिथि ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए सभी छात्राओं से लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने और प्रकृति संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प दिलाया. कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्राचार्य अल्पना राणा द्वारा मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत करने से हुई. संचालन एवं समन्वय मनीषा केलवा, मंच संचालन प्रकाश परमार व आभार प्रीति चौहान ने व्यक्त किया.

# विद्यार्थियों को दिलाई नशामुक्ति की शपथ



**शुजालपुर, 17 जुलाई. मध्य प्रदेश शासन के नशा मुक्ति अभियान के तहत नशे से दूरी है जरूरी थीम पर ग्राम जामनेर स्थित हाई सेकेंडरी स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया.**

कार्यक्रम का आयोजन मध्य प्रदेश पुलिस, खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा साथिया वेलफेयर सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में किया गया. कार्यक्रम में शुजालपुर पुलिस विभाग से तेजप्रकाश बोहरा ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों के लिए घातक है. उन्होंने विद्यार्थियों से स्वयं नशे से दूर रहने और अपने माता-पिता, परिजनों तथा परिचितों को भी नशा नहीं करने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया. वहीं सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों की जानकारी देते हुए जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश भी दिया. विद्यालय के प्राचार्य प्रमोद खापरे ने विद्यार्थियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई और स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का संकल्प कराया. इस मौके पर बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे.

# पिता को मुखाग्नि देकर बेटियों ने निभाया पुत्र धर्म

**शुजालपुर, 17 जुलाई. समाज में बदलती सोच और बेटियों की बढ़ती जिम्मेदारी का एक प्रेरक उदाहरण शुजालपुर में देखने को मिला. नेमा समाज के वरिष्ठ सदस्य अधिवक्ता एवं सेवानिवृत्त शासकीय सेवक छोटेलाल नेमा के निधन पर उनकी बेटियों ने परंपरागत सीमाओं को पीछे छोड़ते हुए न केवल पिता की अर्थी को कंधा दिया, बल्कि अंतिम संस्कार की सभी जिम्मेदारियां भी निभाई.**

उनकी पुत्री अलका नेमा ने अपने चचेरे भाइयों के साथ मिलकर पिता को मुखाग्नि देकर पुत्री धर्म का सम्मानजनक निर्वहन किया. छोटेलाल नेमा अपने जीवनभर सामाजिक सरोकारों, शिक्षा के प्रसार और बच्चों को खेलकूद के लिए प्रेरित करने में सक्रिय रहे. उनके निधन से नेमा समाज सहित नगर में शोक की लहर है. अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में समाजजन, परिजन और शुभचिंतक शामिल हुए. अंतिम संस्कार के दौरान उनकी चारों बेटियों ने साहस और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए पहले अपने पिता की अर्थी को कंधा दिया और समाजजनों के साथ विश्राम घाट तक अंतिम यात्रा में शामिल रहीं. इसके बाद अलका नेमा ने पूरे सम्मान और श्रद्धा के साथ मुखाग्नि देकर यह संदेश दिया कि बेटियां भी हर जिम्मेदारी निभाने में पूरी तरह सक्षम हैं.



### नीट में रागिनी को मिली सफलता



**शुजालपुर, 17 जुलाई.** मां शारदा सांदीपनि विद्यालय शुजालपुर की छात्रा रागिनी परमार ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शासकीय मेडिकल कॉलेज में प्रवेश प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है. रागिनी शहर के समाजसेवी डॉ. महेंद्र परमार की पुत्री हैं. रागिनी की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की. विद्यालय प्रबंधन ने इसे अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायक उपलब्धि बताया.

## एक नजर में

### पुलिस ने 24 घंटे में किया खुलासा, पाउच मंगाने की बात पर हुई थी कहासुनी

# 10 वर्षीय बालक की गला रेत कर हत्या, नाबालिग गिरफ्तार

**शुजालपुर, 17 जुलाई. थाना कालापीपल क्षेत्र के ग्राम नांदनी में 10 वर्षीय बालक की हत्या के मामले का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए गंभीर आपराधिक कृत्य में संलिप्त एक नाबालिग बालक को पुलिस अभिरक्षा में लिया है. प्रारंभिक पूछताछ में दोनों बालकों के बीच हुए विवाद के बाद चाकू से हमला कर हत्या किए जाने की बात सामने आई है.**

पुलिस के अनुसार 16 जुलाई को नांदनी निवासी 10 वर्षीय बालक प्रियांशु मेवाड़ा पिता सुरेश मेवाड़ा के अपहरण की सूचना मिलने पर थाना कालापीपल में प्रकरण दर्ज कर



घटना स्थल का निरीक्षण करते एसपी

तत्काल तलाश शुरू की गई. थाना प्रभारी रवि भंडारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में ग्रामीणों के सहयोग से पूरी रात सघन खोजबीन की. शुक्रवार सुबह गांव के समीप स्थित एमपीईबी के एक खंडहर में बालक का शव बरामद हुआ. सूचना पर पुलिस अधीक्षक प्रियंका शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय तथा एसडीओपी निमेश देशमुख मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. डॉग स्क्वॉड, एफएसएल एवं फिंगरप्रिंट टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्र किए. जांच के दौरान पुलिस ने उन बालकों से पूछताछ की, जो घटना से पहले मृतक के साथ खेल रहे थे. पूछताछ और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर एक नाबालिग बालक को अभिरक्षा में लिया गया.

### प्रारंभिक पूछताछ में यह आया सामने...

पुलिस के अनुसार प्रारंभिक पूछताछ में नाबालिक ने बताया कि उसने मृतक से गुटका पाउच लाने के लिए कहा था . पाउच लाने के बाद मृतक ने भविष्य में ऐसी वस्तुएं नहीं मंगवाने की बात कही, जिससे दोनों के बीच विवाद हो गया . विवाद के दौरान मृतक बालक एमपीईबी के खंडहर की ओर भागा, जहां पीछा कर आरोपी बालक ने कथित रूप से चाकू से गले पर वार कर उसकी हत्या कर दी . पुलिस ने बताया कि घटना में प्रयुक्त हथियार सहित अन्य साक्ष्यों के संबंध में वैधानिक कार्रवाई की जा रही है . मामले की विवेचना जारी है तथा किशोर न्याय अधिनियम एवं अन्य प्रासंगिक कानूनी प्रावधानों के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी .

### कोबरा के डंसने से हुई बुजुर्ग की मौत

**शाजापुर, 17 जुलाई.** जिला अस्पताल में ब्लैक कोबरा सांप के डंसने से राजगढ़ जिले के एक बुजुर्ग की मौत हो गई. हादसे के बाद परिजन सांप को मारकर उसे एक झोले में बंद कर सीधे अस्पताल ले आए. राजगढ़ जिले के झाड़ पिपलिया गांव के रहने वाले लक्ष्मीनारायण 62 शुक्रवार सुबह अपने घर में पूजा पाठ करने के बाद कंघी कर रहे थे. इसी दौरान ब्लैक कोबरा सांप ने अचानक उनके पैर में काट लिया. सांप के काटते ही लक्ष्मीनारायण की तबीयत तेजी से बिगड़ने लगी. बुजुर्ग को सांप काटने के बाद परिजनों ने उस कोबरा को ढूंढकर मार डाला. इसके बाद वे लक्ष्मीनारायण और मृत सांप दोनों को एक ही गाड़ी में रखकर इलाज के लिए शाजापुर जिला अस्पताल भागे. हालांकि अस्पताल पहुंचने में काफी देर हो चुकी थी और डॉक्टरों ने जांच के बाद बुजुर्ग को मृत घोषित कर दिया. मृतक के भाई प्रेम सिंह ने बताया कि वे डॉक्टरों को दिखाने के लिए ही सांप को झोले में साथ लाए थे. अस्पताल की पुलिस चौकी पर तैनात प्रधान आरक्षक पदम सिंह ने बताया कि अस्पताल से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है.